LOKMAT SAMACHAR DT: 5/5/07

इंडोरामा के विस्तारित संयंत्र का मुख्यमंत्री के हाथों आज उद्घाटन

केंद्रीय कपड़ा मंत्री वाघेला, मुत्तेमवार भी उपस्थित रहेंगे

नागपुर, ४ मई (लोस सेवा). विदर्भ की सबसे बड़ी औद्योगिक ईकाई बुटीबोरी स्थित इंडो रामा सिंथेटिक इंडिया लिमिटेड के नए विस्तारित संयंत्र का उद्घाटन शनिवार को सुबह ११ बजे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री विलासराव देशमुख के हाथों होगा. केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री शंकरसिंह वाघेला कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. इस अवसर पर केंद्रीय गैरपरंपरागत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विलास मुत्तेमवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. ज्ञात हो कि इंडो रामा के इस नए विस्तारित संयंत्र से इसकी उत्पादन क्षमता में सीधे दुगुनी वृद्धि हो जाएगी. यहां पर अब प्रतिदिन १६०० टन (टीपीडी) पॉलिएस्टर चिप्स, पार्शिएली ओरियेंटेड यार्न (पीओवाई), पूर्णत: ड्रॉन यार्न (एफडीवाई), ड्रा टेक्स्चराइज्ड यार्न (एफडीवाई), पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर (पीएसएफ) का उत्पादन किया जाना संभव हो सकेगा. गौरतलब है कि फिलहाल यहां प्रतिदिन ८०० टन यार्न का उत्पादन किया जा रहा है. यहां उल्लेखनीय है कि तत्कालीन उद्योग मंत्री स्वर्गीय श्री जवाहरलाल दर्डा के प्रयासों से औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र विदर्भ में इंडो रामा ने अपना संयंत्र स्थापित करने की तैयारी दर्शाई और वर्ष १९९३ में नागपुर के बुटीबोरी में इसे लगाया.

गौरतलब है कि उस वक्त इंडो रामा विदर्भ में १८०० करोड़ रुपए की भारी-भरकम रकम का निवेश करने वाला सबसे बड़ा निवेशक था. इस संयंत्र से यार्न का व्यावसायिक उत्पादन वर्ष १९९७ से प्रारंभ हुआ.

उस प्रारंभिक दौर में इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन महज १८० टन ही थी. वर्ष २००२ से यहां संयंत्र की पूरी क्षमता से उत्पादन होने लगा. जो कि १८० टन से बढ़कर सीधे ६०० टन प्रतिदिन जा पहुंची. कंपनी ने बाजार में बढ़ती मांग के मद्देनजर अपने संयंत्र के विस्तार करने पर ध्यान देने का मानस बनाया. फलस्वरूप वर्ष २००३ में एक हजार करोड़ रुपए का निवेश कर इसके विस्तार की योजना को अमली जामा पहनाया गया. इसके लिए कंपनी ने पॉलिएस्टर की मौजूदा क्षमता को बढ़ाने के साथ ही ३० मेगावाट के कैप्टिव पावर प्लांट की स्थापना को भी जरूरी समझा. अपने विस्तारित संयंत्र के लिए कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों से तकनीकी और मशीनें हासिल की है. इन कंपनियों में अमेरिका के ड्यूपॉंट, जर्मनी की जिमर एजी तथा जापान की फ्लेसनर का प्रमुखता से समावेश है.

ज्ञात हो कि इंडो रामा सिंथेटिक इंडिया लिमिटेड का सालाना कारोबार फिलहाल २५०० करोड़ रुपए है, जो विस्तारित संयंत्र के बाद बढ़कर ४००० करोड़ रुपए हो जाने की संभावना है. इस कंपनी के सर्वेसर्वा मशहूर उद्योगपति श्री ओ. पी. लोहिया है. प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विदर्भ के ४००० लोगों को इंडो रामा सिंथेटिक इंडिया लिमिटेड के जरिए रोजगार मिला हुआ है.

सलमान, हिमेश, ईशा, बिखेरेंगे जलवे

बॉलीवुड के कई नामचीन सितारे इंडो रामा सिंथेटिक्स के विस्तारित संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर शनिवार को जलवे बिखेरेंगे. इसका आयोजन इंडो रामा की ओर से सूराबर्डी स्थित अग्रवाल फार्म पर किया गया है. इसकी दूरी नागपुर से १४ किमी. है. इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता सलमान खान, ईशा कोप्पिकर, दीया मिर्जा, गायक हिमेश रेशमिया, जाने-माने ड्रमर शिवा मणि सहित अनेक सितारे अपने जलवे बिखेरेंगे. कार्यक्रम शाम ७ बजे शुरू होगा.



विलासराव देशमुख

शंकरसिंह वाघेला

ओ.पी.लोहिया

विलास मुत्तेमवार

वाघेला, मुख्यमंत्री आज आएंगे

नागपुर, ४ मई (लोस सेवा). केंद्रीय वस्त्रोद्योग मंत्री शंकरसिंह वाघेला एवं मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख कल, ५ मई को सुबह सरकारी हवाई जहाज से नागपुर पहुँच रहे है. दोनों ही बूटीबोरी स्थित इंडोरामा कंपनी के नए प्रकल्प के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए नागपुर आ रहे हैं. यहाँ जारी सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री वाघेला सुबह ९.१५ बजे सरकारी हवाई जहाज से नागपुर पहुँचेंगे. वे सुबह ११ बजे बूटीबोरी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद दोपहर डेढ़ बजे सरकारी हवाई जहाज से ही मुंबई लौट जाएंगे.

मुख्यमंत्री देशमुख

मुख्यमंत्री देशमुख सुबह सवा नौ बजे विशेष हवाई जहाज से नागपुर पहुँचने के बाद साढ़े नौ बजे धनवटे नेशनल कॉलेज के डॉ. पंजाबराव देशमुख सभागृह में नौवीं एशियाई क्रास कंट्री स्पर्द्धा की छह किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल करने वाली मोनिका तथा रोहिनी राऊत बहनों का सत्कार करेंगे. इस समारोह में हिस्सा लेने के बाद श्री देशमुख बूटीबोरी में इंडोरामा कंपनी के समारोह में हिस्सा लेने जाएंगे और वहाँ से लौटने के बाद दोपहर १२.३० से १ बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है. श्री देशमुख दोपहर १ बजे कार से नागपुर हवाई अड्डे के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर डेढ़ बजे विशेष हवाई जहाज से मुंबई लौट जाएंगे.